Ruling regarding notices of Adjournment Motion

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मुझे निम्नलिखित माननीय सदस्यों द्वारा स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं कुमारी सुधा आर., प्रो. सौगत राय, सुश्री इकरा चौधरी, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री लालजी वर्मा, श्री अमरा राम, श्री डी. एम. कथीर आनंद, श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री मनीश तिवारी, श्री के. राधाकृष्णन, एडवोकेट चन्द्र शेखर, श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर, डॉ. मोहम्मद जावेद, श्री जिया उर रहमान, श्री धर्मेन्द्र यादव और श्री आनंद भदौरिया । मैंने आज किसी भी स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

(व्यवधान)

डॉ**.** मोहम्मद जावेद **(**किशनगंज**):** महोदय, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं । (व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी **(**चंडीगढ़**):** अध्यक्ष जी, आप इस पर चर्चा कराइए । (व्यवधान) इसमें संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है । (व्यवधान)

डॉ**.** मोहम्मद जावेद**:** महोदय, 22,00,000 बच्चों का सवाल है । (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** कार्य मंत्रणा समिति में सभी दलों के नेतागण एक साथ बैठकर इस विषय पर चर्चा करेंगे ।

(व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी**:** अध्यक्ष जी, यह जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ विषय है । (व्यवधान)

12.02 hrs